# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।
2. पोलियो टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आज और कल घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों की पहचान कर टीकाकरण किया जाएगा।
3. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशानुसार द्वीपसमूह में ई–कचरा इन्वेंटरीकरण अभ्यास शुरू किया जा रहा है।
4. केंद्रशासित प्रदेश हज समिति ने सभी इच्छुक तीर्थयात्रियों से हज–2027 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद के 16वें सम्मेलन में शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, यह योजना "पहले तीन साल, संपूर्ण देखभाल" की सोच पर आधारित है। इस कार्यक्रम में बच्चों के शुरुआती विकास, माताओं के मानसिक स्वास्थ्य की जांच और डिजिटल माध्यम से निगरानी की भी व्यवस्था होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में कल पोलियो टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया गया। इस अभियान के अंतर्गत दक्षिण अंडमान जिले में छियानब्बे प्रतिशत, मध्योत्तर अंडमान जिले में सौ दशमलव छः प्रतिशत और निकोबार जिले में कुल एक सौ एक दशमलव तीन प्रतिशत बच्चों को कवर किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आज और कल घर–घर जाकर पहले चरण के दौरान छूटे हुए बच्चों की पहचान कर उनका टीकाकरण किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नागरिकों और संगठनों से स्वतंत्रता दिवस, 2026 के अवसर पर उपराज्यपाल प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार कला, वाणिज्य, शिक्षा, खेलकूद व संस्कृति और समाज कल्याण आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 24 जुलाई शाम 5 बजे तक सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ गोपनीय सेल, सचिवालय के पास जमा या ईमेल के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। नामांकन संबंधित जिलों के PCCF, DGP, प्रधान सचिव, आयुक्त–सह–सचिव, सचिवों और उपायुक्तों द्वारा किया जाना चाहिए। अन्य विभागाध्यक्ष केवल अपने संबंधित प्रशासनिक सचिवों के माध्यम से ही सिफारिश कर सकते हैं। यदि किसी टीम को नामांकित किया जा रहा है, तो टीम के प्रत्येक सदस्य की भूमिका स्पष्ट रूप से परिभाषित होनी चाहिए और टीम में केवल अनुकरणीय कार्य दिखाने वाले व्यक्ति को ही प्रायोजित किया जाना चाहिए। इस पुरस्कार के लिए सरकारी अधिकारी और गैर–सरकारी व्यक्ति दोनों ही पात्र हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से दूसरे डीजीपी कप अंडमान निकोबार स्टेट ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक रवींद्र सिंह यादव मुख्य अतिथि, पुलिस महानिरीक्षक गीता रानी वर्मा, उप–पुलिस महानिरीक्षक ए. कोन और पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दो दिवसीय टूर्नामेंट में 228 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह के दौरान विजेताओं को ट्रॉफियां, पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। ओवरऑल ओपन कैटेगरी में विराट जे.एस प्रथम, श्रेष्ठ विजय डी द्वितीय तथा हरि प्रसाद बी. तृतीय स्थान पर रहे। पुलिस महानिदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज से न केवल आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा मिलता है, बल्कि यह उन्हें नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अन्य गैर–कानूनी गतिविधियों से दूर रखने में भी मदद करता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, थोक उपभोक्ताओं, छोटे उत्पादकों और खुदरा विक्रेताओं के लिए ई–कचरा प्रबंधन नियम, 2022 पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों के मालिकों, खुदरा विक्रेताओं, मरम्मत व सेवा केंद्रों के संचालकों और होटल व्यवसायियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को ई–कचरा (प्रबंधन) नियम, 2022 के तहत उनकी जिम्मेदारियों, ई–कचरे को अलग करना, सुरक्षित भंडारण,

दस्तावेजीकरण और केवल अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से निपटान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ई–कचरे के उत्पादन, भंडारण, परिवहन और निपटान का उचित रिकॉर्ड बनाए रखना अनिवार्य है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट dstpcc.andamannicobar.gov-in पर उपलब्ध है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में, पूरे द्वीप समूह में ई–कचरा इन्वेंटरीकरण अभ्यास शुरू किया जा रहा है। इसके लिए फॉर्म जल्द ही कचरा उत्पादकों और थोक उपभोक्ताओं को ई–कचरा उत्पादन की जानकारी एकत्र करने के लिए वितरित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह केंद्रशासित प्रदेश हज समिति ने सभी पात्र और इच्छुक तीर्थयात्रियों से हज–2027 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन 20 जुलाई मध्यरात्रि तक www.hajcommittee.gov.in या HAJ SUVIDHA मोबाइल ऐप के माध्यम से भरे जा सकते हैं। तीर्थयात्रियों को 30 अगस्त, तक 1,52,300 रूपये की अग्रिम राशि जमा करनी होगी। हज–2027 के दिशा–निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए समाज कल्याण निदेशालय स्थित अंडमान निकोबार द्वीपसमूह केंद्रशासित प्रदेश हज समिति के अध्यक्ष कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

रंगत मानसून मैराथन चार जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में स्कूली छात्र, खिलाड़ी और आम जनता हिस्सा ले सकते हैं। इसमें पुरूषों के लिए 10 किमी और महिलाओं के लिए 5 किमी दौड़ शामिल है। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार रूपये के साथ पदक प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों से सुबह 5 बजकर 20 मिनट तक निंबुतला चौक पर रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में मिशन वात्सल्य योजना के तहत अनुबंध के आधार पर मैनेजर–कम–कोऑर्डिनेटर के दोनों पदों के परिणाम समाज कल्याण विभाग के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कर दिए गए है। इसके अलावा परिणामों की सूची विभाग के वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय 'मानसून फूड एंड स्पाइस फेस्टिवल' कल संपन्न हो गया। विभिन्न संबंधित विभागों के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। महोत्सव के दौरान परंपरागत व्यंजनों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किए गए। द्वीप खाद्य महोत्सव के कल अंतिम दिन कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी और नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

कृषि विज्ञान केन्द्र, निम्बुडेरा ने कृषि विभाग और यूटी आत्मा के सहयोग से खेत बचाओ अभियान के तहत सतत कृषि पद्धतियों पर जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम डिगलीपुर ब्लॉक के सुभाषग्राम और मधुपुर गांवों में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल उत्पादकता बढ़ाने, मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने, संसाधनों के उपयोग की दक्षता में सुधार करने, रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने तथा कृषि आय बढ़ाने के लिए टिकाऊ कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूक करना था।

<><><><><><><>